**खबर संक्षेप**

## श्रद्धा पूर्वक मनाया गया साहसी एवं वीरांगना महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस



**भुआ बिछिया /मंडला** -स्थानीय शिशु उच्च माध्यमिक विद्यालय भुआ -बिछिया में वीरांगना गोण्डवाना राज्य की महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ वीरांगना महारानी दुर्गावती एवं भारत माता के छायाचित्र में पूजन अर्चन कर किया गया इस अवसर पर विद्यालय की आचार्यों श्रीमती अनुसुइया यादव ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही विद्यालय के प्रबंधक श्री राम बहोरी पटेल जी ने अपने संबोधन में कहा कि रानी दुर्गावती ने मातृभूमि की रक्षा स्वाभिमान और स्वतन्त्रता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया उनका साहस पराक्रम और राष्ट्र भक्ति आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है । एवं सभी शिक्षकों सेसमाज के प्रति निष्ठा पूर्वक निर्वहन का संकल्प लेने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री आकाश चौरसिया, एवं विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदी जी की उपस्थिति रही। अंत में शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया

## मानवता की सेवा के लिए विशाल रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

# संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित शिविर में 87 पुरुष एवं 13 महिलाओं ने किया 100 यूनिट रक्तदान







मंडला। मानव एकता दिवस के उपलक्ष्य में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुरुषों,महिलाओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बड़ी संख्या में रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया।

रक्तदान शिविर में कुल 100 यूनिट ब्लड एकत्रित कर जिला ब्लड बैंक मंडला को सुपुर्द किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ 148 बटालियन द्वितीय कमान अधिकारी रत्नेश कुमार सिंह ने रिबिन काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि रक्तदान से अनेक जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाया जा सकता है और समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। शिविर में जिला



चिकित्सालय से सिविल सर्जन डॉ विजय धुर्वे,पैथोलॉजी विशेषज्ञ डॉ.योगेश सिरश्याम एवं स्टाफ मौजूद रहा।शिविर के दौरान संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के पदाधिकारियों एवं सेवकों ने व्यवस्थाओं का संचालन किया। रक्तदाताओं के लिए संस्था की ओर से स्वल्पाहार, भोजन, चाय, जूस एवं फल फ्रूट एवं आराम करने की व्यवस्था रही । रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मानव सेवा के इस कार्य के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और रक्तदान जैसे कार्य समाज में सहयोग, संवेदना एवं भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। संस्था द्वारा मानव कल्याण के लिए किया जा रहा यह प्रयास एक पुनीत एवं प्रेरणादायी कार्य है, जिससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। शिविर में जिला ब्लड बैंक के सदस्यों का सहयोग रहा।

## महुआ पेड़ पर लटका मिला अधेड़ का शवः



**मंडला-** जिले के निवास थाना क्षेत्र के ग्राम करौंदी में शुक्रवार सुबह एक अधेड़ का शव महुआ के पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला। यह घटना जायका ढाबा के पास हुई। मृतक की पहचान करौंदी निवासी शहजान कुशराम (42) पिता सुंदर कुशराम के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही निवास थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाया और पंचनामा कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए निवास अस्पताल भेज दिया गया।

### खाने खाकर घर से निकला था, वापस नहीं लौटा

परिजनों ने बताया कि शहजान पेशे से मजदूर था। वह गुरुवार रात करीब 11 बजे खाना खाने के बाद घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों के अनुसार, शहजान नशे का आदी था और पहले भी कई बार बिना बताए कई दिनों तक घर से गायब रहता था। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने जायका ढाबा के पास महुआ के पेड़ पर शव लटका देखा। उन्होंने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त की। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल, पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है तथा मौत के कारणों की हर पहलू से गहनता से जांच की जा रही है।

### चौराहे पर सीसीटीवी और पुलिस गश्त के बावजूद घटना

# मंदिर की दानपेटी तोड़कर नगदी व दान सामग्री ले उड़े चोर, पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल





**मण्डला/महाराजपुर।** उपनगर महाराजपुर स्थित बजरंग चौक के प्रसिद्ध बजरंग बली मंदिर में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए मंदिर की दानपेटी तोड़कर उसमें रखी नगदी राशि एवं दान स्वरूप प्राप्त सामग्री चोरी कर ली। घटना 24 जून 2026 की रात्रि की बताई जा रही है। मामले की सूचना महाराजपुर थाने में दे दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बजरंग चौक महाराजपुर का प्रमुख एवं अत्यंत व्यस्त चौराहा माना जाता है, जहां दिन-रात लोगों की आवाजाही बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पुलिस गश्त एवं जवानों की नियमित ड्यूटी भी रहती है, वहीं चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं। इसके बावजूद चोरों द्वारा मंदिर की दानपेटी तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि मंदिर में चोरी की यह पहली घटना नहीं है। इससे पूर्व चार- पांच महीने में तीन से चार बार चोरी की वारदातें हो चुकी हैं, जिनकी शिकायत पुलिस से की गई थी। नागरिकों का आरोप है कि सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद पूर्व की घटनाओं का खुलासा नहीं हो सका, जिससे लोगों में असंतोष और संदेह की स्थिति बनी हुई है।

लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों में रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो असामाजिक तत्वों के हौसले और बढ़ सकते हैं। स्थानीय नागरिकों ने यह भी बताया कि पूर्व में थाना परिसर के समीप स्थित संतोषी माता मंदिर में भी इसी प्रकार की चोरी की घटना सामने आ चुकी है, जिससे क्षेत्र में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।क्षेत्रवासियों ने पुलिस अधीक्षक मंडला से मामले की गंभीर जांच कर चोरी का शीघ्र खुलासा करने, आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए विशेष निगरानी एवं प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग की है।



## बारिश पूर्व अनेक वार्डों में जल भराव को लेकर नगरवासी चिंतित, नगर प्रशासन से व्यस्था दूरस्त करने अपील की



**भुआ बिछिया/ मंडला।** बारिश पूर्व नगर परिषद की व्यवस्थाओं पानी भराव की जगहों पर लोगो का ध्यान केंद्रित होने लगा है, पूर्व वर्षो में भी समय पर पानी भराव ओर बरसात के पानी की निकाशी की व्यस्था नालों की सफाई नहीं होने से अनेक घरों में पानी भर गया था, इसी तरह की स्थिति वार्ड क्रमांक 2 में वर्षों से नाले का निर्माण एवं समुचित सुधार कार्य नहीं होने से स्थानीय रहवासियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

यह मार्ग शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय का प्रमुख पहुंच मार्ग है, जहां से प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं, शिक्षक, कर्मचारी एवं आम नागरिक आवागमन करते हैं। नाले की जर्जर स्थिति के कारण बरसात के मौसम में दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, पिछले वर्ष हुई बारिश के दौरान नाले का पानी कई घरों में घुस गया था, जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं गंदे पानी के जमाव से संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना रहा। सड़क पर जलभराव होने से विद्यालय आने-जाने वाले विद्यार्थियों, बुजुर्गों तथा अन्य राहगीरों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। रहवासियों ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हो सका है। नागरिकों ने नगर परिषद से मांग की है कि वार्ड क्रमांक 2 में नाले का शीघ्र निर्माण एवं सुधार कार्य कराकर जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना या जनहानि की स्थिति उत्पन्न न हो।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई तो जनहित में आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाई जाएगी।

## नगर सहित आस पास ग्रामों में देर शाम से हुई जमकर बारिश



**भुआ बिछिया/ मंडला।** आज बुधवार की देर शाम 6बजे के बाद नगर सहित आस पास ग्रामों में अच्छा मौसम बदला ओर लगभग एक से दो घंटे तक जम कर बारिश हुई ,जिससे आम जनजीवन अस्त व्यस्त हुआ तेज गर्मी भरे मौसम से ठंडक महसूस हुई वहीं अचानक वारिस से किसानों के चेहरे खिले ओर किसानों के खेती के कार्य प्रारंभ हो सकते हैं ,मौसम विभाग लगातार बता रहा था 30 जून तक कभी भी बारिश हो सकती हैं लगता है उसी का अशर है बारिश होने से मौसम में ठंडक महसूस हुई समाचार लिखे जाने तक बारिश ज़ारी है।

## भंवरताल जंगल में ट्रैक्टर-डंपर की टक्कर, एक की मौतः एक व्यक्ति घायल



### खदान जा रहा था ट्रैक्टर

मंडला -जिले के बम्हनी बंजर थाना क्षेत्र के भंवरताल जंगल में शुक्रवार को सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर में सवार एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। मृतक की पहचान 35 वर्षीय नरेश कुशराम के रूप में हुई है, जो ग्राम कताजार मऊटोला निवासी हरिलाल कुशराम के पुत्र थे। ट्रैक्टर में सवार महेंद्र कुशराम को हल्की चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर ब्लास्टिंग कार्य में उपयोग होता था और डोलोमाइट खदान की ओर जा रहा था। इसी दौरान भंवरताल जंगल के बीजापड़ाव क्षेत्र में सामने से आ रहे अज्ञात डंपर से उसकी सीधी टक्कर हो गई।

### टक्कर के बाद पलटा ट्रैक्टर, चालक की मौत

टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। हादसे में चालक नरेश कुशराम ट्रैक्टर के नीचे दब गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं महेंद्र कुशराम दूर जा गिरे, जिससे उनकी जान बच गई।

### डंपर चालक फरार, पुलिस जांच जारी

हादसे के बाद डंपर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर बम्हनी बंजर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनी बंजर भेजा गया है। मामले की जांच जारी है।

## गंदे एवं दूषित पेयजल की आपूर्ति से वार्डवासी परेशान, जांच की मांग



**भुआ बिछिया/ मंडला।** नगर परिषद भुआ बिछिया के वार्ड क्रमांक 2 में पिछले कुछ दिनों से गंदे एवं दूषित पेयजल की आपूर्ति होने से स्थानीय रहवासियों में भारी नाराजगी व्याप्त है। वार्डवासियों का आरोप है कि नलों से आने वाला पानी मटमैला, बदबूदार तथा उपयोग के लिए अनुपयुक्त है, जिससे लोगों को पेयजल संबंधी गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय नागरिकों ने बताया कि घरों में सप्लाई हो रहे पानी में मिट्टी एवं अन्य अशुद्धियां स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही हैं। कई परिवारों को पीने और घरेलू उपयोग के लिए अलग से पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। वार्डवासियों का कहना है कि दूषित पानी के सेवन से जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है, जिससे बच्चों एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।रहवासियों ने गंदे पानी का नमूना दिखाते हुए नगर परिषद प्रशासन से तत्काल जांच कराने तथा पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार की मांग की है। उनका कहना है कि संभवतः पाइपलाइन में रिसाव अथवा अन्य तकनीकी खामी के कारण पेयजल दूषित हो रहा है, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है।वार्डवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे सामूहिक रूप से उच्च अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। नागरिकों ने नगर परिषद से स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की मांग करते हुए जनस्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है।

## खबर संक्षेप

### नगर पालिका परिषद की नाक के नीचे बदहाली का शिकार होती चली जा रही पानी टंकी



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां एक ओर स्थानीय नगर पालिका प्रशासन द्वारा अपनी संपत्ति को लेकर जिस प्रकार की उदासीनता बरती जा रही है उसका शायद ही इससे बड़ा कोई दूसरा उदाहरण देखने नही मिल पायेगा..? जहां एक ओर नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर में अनेक काम्पलेक्सों का निर्माण कराते हुये उन्हें महानगरों की तर्ज पर बनाया जा रहा है। मगर दूसरी ओर नगर पालिका की पुरानी संपत्ति यानि की धरोहर को जिस तरह से नजर अंदाज किया जा रहा है वह लगातार बदहाली का शिकार होने से नही बच पा रही है। क्योंकि ठीक नगर पालिका कार्यालय के पास वर्षो पुरानी बनी हुई शहर की सबसे बड़ी पानी टंकी इस प्रकार से बदहाली का शिकार होते हुये देखी जा रही है उससे यह अनुमान लगने से नही चूक पा रहा है कि नगर पालिका द्वारा चलाये जाने वाली स्वच्छता सर्वेक्षण मात्र कागजों तक ही सीमित होकर रहने वाला हो गया है। क्योंकि इस टंकी के पास चारो ओर जहां गंदगी का आलम तो देखने मिल ही रहा है तो दूसरी ओर शहर की सबसे बड़ी पानी टंकी के नाम से प्रसिद्व यह टंकी का हाल इस तरह का बना हुआ है कि शायद इसके निर्माण से लेकर आज तक नगर पालिका द्वारा इसकी पुताई कराना भी उचित नही समझा गया है। मगर इसके बाद भी यह टंकी अपने आस्तित्व को बचाने के लिये खड़ी रहते हुये जहां नगरवासियों के प्यासे कंठो को प्यासे बुझाने में लगी है। यदि बदहाली स्थिति में पहुंच रही इस टंकी की सच्चाई पर गौर किया जावे तो नगर पालिका प्रशासन द्वारा इसका सही रूप से रख रखाब नही किये जाने के कारण टंकी की अनेक जगहों से छपाई गिरते हुये देखी जाने लगी है तो दूसरी ओर टंकी की संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था पूर्णरूप से भगवान भरोसे देखने मिल रही है। इस तरह नगर की सबसे बड़ी पानी टंकी की बदहाली को सोशल मीडिया से लेकर प्रिंट मीडिया द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी अधिकारियों द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार से ध्यान न देना निश्चित तौर से अनेक सबाल पैदा करते हुये जान पड़ रहा है वही दूसरी ओर आमजन का कहना है कि यदि समय रहते हुये इस टंकी के ओर नगर पालिका प्रशासन द्वारा ध्यान नही दिया गया तो इस टंकी को बदहाल होने से बचाना मुश्किल हो जावेगा..? यह बात अलग है कि नर्मदा जल योजना के तहत नगर में नई टंकियों का निर्माण हो चुका है तथा ठीक नगर पालिका कार्यालय के पीछे एक बड़ी टंकी के निर्माण की तैयारियाँ भी शुरू हो गई है। मगर सबाल यह है कि इस तरह लाखों की पुरानी संपत्ति को नजर अंदाज करना क्या उचित माना जा सकता है..? वही दूसरी ओर इस टंकी ने संपूर्ण नगरवासियों की प्यास वर्षो से बुझाते हुये चली आ रही है। वही धर्म शास्त्रों के अनुसार पानी उपलब्ध कराने वाले स्थल का भगवान का स्वरूप देते हुये निमान माना जाता है जिसकी समय समय पर पूजा की जाती है। मगर उसे निमान की इस तरह अनदेखी चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रही है।

### पंचायतों में भाई भतीजावाद के चलते सरकारी योजनाएं हो रही फेल, पात्र हितग्राही योजनाओ का लाभ लेने भटक रहे..?

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** इस समय देखा जा रहा है कि सरकार द्वारा गरीबों के हितों का ध्यान रखते हुए अनेक प्रकार की योजनाएं चला रही है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री आवास व केन्द्र सरकार प्रधान मंत्री आवास योजना तथ पूर्व से संचालित इंदिरा आवास योजनाएं शामिल है। मगर इन योजनाओं को चलते जनपद पंचायतों के द्वारा ग्राम पंचायतों के माध्यम से काफी समय से संचालित की जा रही है। परंतु इसके बाद भी आज इसके वास्तविक हकदार इन योजनाओं का लाभ पाने से वंचित नजर आ रहे हैं? यह योजना विगत काफी समय से संचालित की जा रही है। यदि इसका सही क्रियान्वयन होता तो लगभग हर ग्राम पंचायत में गरीबों को आवास मिल चुका होता...? परंतु आँकड़ों की जादूगरी में यह योजना ऐंसी गुम हुई कि इसके वास्तविक हकदार आज भी परेशान हैं..? और योजना के आँकड़े हजारों के लाभान्वित हो जाने की जानकारी दे रहे हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सभाओं के माध्यम से यह तय किया जाता है कि इंदिरा आवास योजना का लाभ इसे दिया जाता है। हालाकि विगत वर्षों में इसके लक्ष्य को हल कर दिया गया है। ग्राम सभायें कागजी होड़ की हैं तथा इन ग्राम सभाओं में आमजन की भागीदारी भव्य होती है हालाकि कागजी खानापूर्ति की जाती है..?

# मातमी पर्व मोहर्रमः उमस भरी गर्मी बीच नगर में निकाले गये ताजिये, नगर में देर रात तक चलता रहा सवारियों के गस्त का दौर

### तत्वों की हरकतों पर पैनी नजर रखने के लिये भारी पुलिस बल रहा तैनात..







**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** नगर में सर्वधर्म सद्भावना के साथ मनाये जाने की जो परम्परा रही है उसी के बीच मोहर्रम पूर्व की धूम नगर में देखी जा रही है। इसी के चलते 10 दिवसीय मातमी पर्व मोहर्रम बड़े ही अकीदत एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। शुक्रवार को मोहरर्म की 10 तारीख यौमे आशूरा पर सुबह इंदिरा काम्प्लेक्स मुकरबा दरगाह शरीफ के सामने ताजियों का मजमा लगा रहा। यहां पर एक दिन पहले बारिश होने के बाद उमस भरी गर्मी के बीच आकर्षक ताजियों के जियारत के लिए सैकड़ो की संख्या में भीड़ पहुंची और अपनी मन्नत मांगकर तबर्रूक, तकसीम किया गया। वही सबारिया शहनाई ढोल ताशा के साथ शहीदी धुन पर चल रही थी । बुजुर्गाने दीन से निशवत रखने वालों ने बाबाओ से मुलाकात की । मजमे में कोई बाबा नक्श तो कोई काजू बांट रहे थें तो दूसरी ओर जगह जगह लंगर का वितरण होता रहा । पूरे नगर में सावरियो ने रन करते हुये अपने मुरादियो के घर पहुचकर प्याले भी पिये। बताया जाता है कि बड़े वली इमामबाड़े, शक्ति चौक, बाबड़ी अखाड़ा, मुकरबा, गरीब नवाज, चौकी, पानी टंकी के सामने, जबरन देवी दरबार सहित पूरे नगर के इमामबाड़ो में मोहर्रम पर जायरीनों की भीड़ रही । मोहर्रम की 10 तारीख़ यौमे आशूरा के दिन रोजा भी रखकर शाहीदने कर्बला शान में तिलावत की । जामा मस्जिद मे हाफिज जुबेर आलम साहब यौमे आशूरे की नमाज अदा कराई तो छोटी मस्जिद में भी नमाज अदा की गई । सदा ही शांति प्रिय माने जाने वाले गाडरवारा शहर मे सभी धर्म जिस तरह मिलजुलकर मनाने की परम्परा रही है जो आज भी कायम देखी जा रही है। वही ताजियाँ निकलने के दौरान शहर में भारी पुलिस बल तैनात नजर आया तो दूसरी ओर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा जरूरी दिशा निर्देश दिये गये है। जिसके चलते उप पुलिस अधीक्षक ललित सिंह डागूर, नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान के अलावा तहसीलदार प्रियंका नेताम व अन्य अधिकारी मोहर्रम के त्यौहार के दौरान भारी पुलिस बल की मौजूदगी में पैनी नजर रखे हुये थें। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सुबह की बेला में इन्द्रा काम्पलेक्स के पास सभी ताजिये सुबह फजर की नमाज के बाद से ही हसन हुसैन के नारे लगाते हुए निकलना शुरू हुये और इंदिरा काम्प्लेक्स के समक्ष एकत्र हुए हजरत बड़े बली इमामबाड़े का दादा पीर का ताजिया अपनी चौकी से सबसे पहले उठा। इसके बाद सभी ताजिए व सवारियां उठने का सिलसिला प्रारंभ हुआ। प्रातः काल से ही नगर में ढोल मातमी शहनाईयों की गूंज में शहीदी कलाम गूंजते रहे। मोहर्रम पर्व के सारे अरमान पूरे करके मुस्लिम भाईयों ने यह पर्व मनाया। हर साल की तरह 10 तारीख की रात्रि में बाद नमाज इशा चॉवडी पर बारह भाई ईमाम बाड़े के सामने ताजियों का मजमा लगा। जहां पर सारी रात यहां पर सवारियों ने अपनी हाजरी पेश की एवं शहर में रन किया। वही हजरत इमाम हुसैन आली मकाम की शहादत पर मोहर्रम की 10 तारीख के सुबह यौमे आशुरे की नमाज मस्जिदों व घरों में पढ़ी गई। तत्पश्चात लोगों ने गरीब, यतीम, वेसहारों की मदद कर सबाबेदारेन हासिल की। बताया जाता है कि मोहर्रम की 10 तारीख को सुबह करीब 9 बजे से सवारियों का उठना शुरू हो गया था जो शहनाईयों बाजे गाजे ढोल के साथ सभी इमामबाड़ो की सवारियों ने पूरे शहर में गश्त कर इंदिरा काम्प्लेक्स के समक्ष लगे मजमें में ताजियों के सामने जाकर अपनी हाजरी दी। वही गरीब नवाज चौकी, बंगला वाले, मुकरबा, सुल्तान बाबा, बावली वाड़ा, झौंरे वाली सवारी सैयद जीलानी, मदीना दरबार, मंडला वाले, असलम बाबा, जबरन देवी दरबार, हजरत सुल्तान पीर सैय्यदी दरबार के अलावा सभी इमामबाड़ों की सवारियां मजमे में शरीक थीं। बताया जाता है कि यह सवारियां सभी दरगाहों, इमाम बाड़ों परचमों पर पहुंची जहां बुजुर्गाने दीन से निश्बत रखने वाले इत्र खुश्बू लेकर बाबाओं को लगाते नजर आये तो सवारियों के साथ उनके मुजाबर भी साथ चल रहे थे। इस मौके पर जगह जगह मुरादी हाथों में प्याले लिए हुए बाबाओं को पेशे नजर करते दिखे जो हाथों में मोर छाल लेकर चल रहे बाबाओं ने झाड़ कर उनके हक में दुआएं की तथा सभी सवारियां चावड़ी पर बारह भाई इमामबाड़े के सामने लगे मजमे में शरीक हुई एवं ताजियों की जियारत की तथा रन करते वक्त अनेकों मुरादी बाबाओं से मिलकर अपनी खुशहाली की मन्नत भी मांगते देखे गये। इस दौरान इन्द्रा काम्पलेक्स के पास एकत्र हुये ताजियों के बीच पहुंचकर मुस्लिम मुहिला पुरूषों सहित अन्य धर्म के लोगों ने भी ताजियों के सामने लोभान छोड़कर धुंआ करते हुए नगर व क्षेत्र की खुशहाली के लिये दुआ मांगी गई इसके उपरांत सबारी के रूप में गस्त करने वाले बाबाओं से भी मुलाकात की गई। इस प्रकार से नगर के इंदिरा काम्प्लेक्स समक्ष ताजियाँ के सामने हिन्दू मुस्लिम सभी धर्म के लोगों लोहान व रेबड़ी का प्रसाद चढ़ाकर अपनी अपनी मन्नते मांगी। इस मजमें में हजारों की संख्या में महिला, पुरूष, बच्चों ने पहुंचकर ताजियों के दीदार किये, ताजियों का मजमा लगा रहा। इस मोहर्रम के मजमे में जगह जगह हुसैनी लंगर में चावल का पुलाव, मीठे चावल, पानी व दूध के छबील का वितरण किया गया। वही बताया जाता है कि आज मुहर्रम की 11 तारीख को सुबह फजर की नमाज के बाद नगर के सारे ताजिये शहर के नए बस स्टैंड बाबली दरगाह शरीफ पर रुकगे जहां पर जायरीन ताजियों के अंतिम दर्शन करेंगे। इसके बाद करबला के लिए प्रस्थान करेंगे शक्कर नदी के उस पार बने हुए विसजर्नकुंड में ताजियों को ठंडा किया जाएगा। इसी तरह मोहर्रम पर्व के चलते समीपस्थ खुलरी, सिहोरा, कल्याणपुर, सालीचौका, चीचली, सांईखेड़ा, बनवारी, पलोहा बड़ा सहित अन्य जगहों पर भी बड़े ही शांति के साथ ताजियाँ निकालते हुए मोहर्रम त्यौहार मनाया गया। इस प्रकार से मातमी पर्व मोहर्रम का आज समापन होगा। वही इस प्रकार से ताजियों मोहर्रम पर्व भी सभी धर्म के लोगों ने मिलजुलकर मनाते हुए एक अनोखी मिशाल पेश की गई है।

## कुछ दिनों के अंतराल उपरांत चौहान ने अवैधानिक गतिविधियों में लिप्त रहने वालों के खिलाफ फिर घुमाया डंडा, युवक के पासे पोने तीन लाख की स्मैक जप्त






**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** क्षेत्र में मादक पदार्थो के अवैध कारोबार से लेकर अन्य अवैधानिक गतिविधियों में लिप्त रहने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक डा. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिनों जहां एक युवक को जहां चौहान की टीम ने अवैध रूप से कट्टा लेकर घूमते हुये पकड़ने में सफलता हासिल की गई थी। इसके बाद करेली निवासी एक व्यक्ति के पास से लगभग पोने तीन लाख रूपया कीमत की स्मैक जप्त करने में एक बड़ी सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में बताया जाता है कि जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के द्वारा अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध "OPERATION EAGLE CLOW" चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) ललित सिंह डागुर के मार्गदर्शन में थाना गाडरवारा पुलिस की टीम के द्वारा बीते हुये दिवस नगर शमशान घाट के पास एक व्यक्ति के कब्जे से 27.50 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक पाउड़र जप्त किया गया है । जानकारी के अनुसार जब टीआई चौहान की टीम क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि नगर के शमशान घाट के पास एक व्यक्ति कुछ मादक पदार्थ विक्रय करने की जुगाड़ में घुम रहा है। इस जानकारी से टीआई चौहान द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराये जाने के चलते जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी को माल सहित पकड़ने के निर्देश दिये गये। वही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक एल एस डागूर के मार्ग दर्शन में एक टीम बनाई गई। बनाई गई टीम में टीआई अशोक सिंह चौहान के साथ उप निरीक्षक गजराज सिंह ठाकुर, वरिष्ठ आरक्षक महेन्द्र बावरिया, रुपेन्द्र चौबे, आरक्षक नंदकिशोर तथा इस तरह अवैध धंधों में लिप्त रहने वाले लोगों की एक ही नजर में पहचान करने के लिये माहिर माने जाने वाले आरक्षक दिनेश पटेल, नीलेश दुबे, अक्षय श्रीवास्तव, सृजल भार्गव एवं महिला आरक्षक कुमुद पाठक साइबर सेल को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर पहुंचकर एक व्यक्ति को संदिग्ध स्थिति में पाये जाने पर जब उसकी घेराबंदी करते हुये अपनी हिरासत में लेकर पुछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम शेख मजीद पिता शेख हकीम उम्र 52 साल निवासी नरसिंह वार्ड करेली का होना बताया गया। वही युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से पुलिस को लगभग 27.50 ग्राम कीमत 2 लाख 75 हजार रूपया की पाये जाने पर आरोपी के खिलाफ धारा 8,21(b),स 29 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार किया गया। वही बताया जाता है कि स्मैक पावडर के साथ गिरप्तार किये गये युवक को पुलिस द्वारा मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर इस बात का पता करने का प्रयास किया जा रहा है कि इतनी अधिक मात्रा मे यह स्मैक पावडर लेकर कहा से आया हुआ था और गाडरवारा क्षेत्र में किसको विक्रय करने की जुगाड में घुम रहा था। वही दूसरी ओर टीआई चौहान की टीम द्वारा कुछ दिवस पहले ही नगर की गोल्डन सिटी के पास गस्त टीम में शामिल ए एस आई राजेश तिवारी, प्रधान आरक्षक राम गोपाल राजपूत, आरक्षक दिनेश पटैल, महेन्द्र बाबरिया व रूपेन्द्र चौबे द्वारा ग्राम नांदनेर निवासी अंकित पिता मुन्ना लाल यादव उम्र 26 साल को संदिग्ध स्थिति में घुमते हुये पकड़कर इसके पास से पिस्टल सहित कारतूस जप्त करने में सफलता हासिल की गई थी। यदि पुलिस द्वारा अवैध रूप से कट्टा लेकर घूम रहे युवक को पकड़ने में देरी की गई होती तो निश्चित तौर से यह आरोपी क्षेत्र में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने में सफल हो जाता। इस तरह एक सप्ताह के अंदर ही टीआई चौहान की टीम द्वारा दो अलग अलग जगहो पर अवैधानिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में बडी सफलताये हासिल की गई है।

## राव उदयप्रताप सिंह ने सुनीं क्षेत्र के लोगो समस्या, किया निराकरण



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** क्षेत्र को विकास की गति देने वाले क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा तथा परिवहन मंत्री अपने क्षेत्रवासियों की समस्याओं के निराकरण के लिये सदा ही उनके बीच दिखाई देने से नही चूकते है। इसी के चलते बीते हुये दिवस उन्होंने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए शुक्रवार को सेवासदन, लक्ष्मी टाउनशिप में जनसुनवाई की गई। बताया जाता है कि इस दौरान उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और विधानसभा क्षेत्र से पधारे गणमान्य जनों से सौजन्य मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये । मंत्री राव उदयप्रताप सिंह सुबह 11 बजे सेवासदन पहुंचे। यहां नगर और ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों की भीड़ लगी थी। मंत्री ने एक-एक कर सभी से मुलाकात की और आवेदन-पत्रों के माध्यम से रखी गई समस्याओं को गंभीरता से सुना। समस्याएं सुनने के बाद मंत्री ने अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। मंत्री सिंह ने कहा कि जनता की समस्याएं हल करना हमारी प्राथमिकता हैं। पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय-सीमा में मिले। इसी के चलते उन्होंने समस्याओं का निपटारा चरणबद्ध तरीके से करने का आश्वासन दिया। वही पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से बातचीत में मंत्री ने कहा कि संगठन की मजबूती ही सरकार की ताकत है। बूथ स्तर तक सक्रिय रहने और जनता से निरंतर संपर्क में रहने की अपेक्षा जताते हुये उन्होंने आगे कहा हमारी सरकार जनसेवा के लिए बनी है। हर कार्यकर्ता जनता का सेवक है।

## बसेडिया द्वारा जन हित के ध्यान में रखते हुये पुस्तकालय की गई पुस्तकें भेंट



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।


समाज सेवा में सदा ही अग्रणी रहने वाले मुकेश बसेडिया द्वारा नगर के युवाओं को जरूरी जानकारियों का ज्ञान अर्जित करने की सोच को ध्यान में रखते हुये बीते हुये दिवस नगर के पुस्तकालय के लिये जरूरी पुस्तके भेंट की गई। बताया जाता है कि मुकेश बसेडिया ने सार्वजनिक पुस्तकालय तिलक भवन निर्जला एकादशी के अवसर पर साहित्य, पर्यावरण, योग, धर्म, व्यक्तित्व विकास ,संत वाणी तथा बाल सुलभ साहित्य के साथ अति दुर्लभ प्राचीन भाषा वाले पहाड़े सहित अन्य ज्ञान से संबधित 43 पुस्तकें प्रदान की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक मधुसूदन पटेल एवं सार्वजनिक पुस्तकालय के ग्रँथपाल नेतराम कहार मौजूद थें। बताया जाता है कि इस मौक़े पर बसेडिया ने पुस्तके प्रदान करते समय कहा कि पुस्तकालय को पुस्तक दान करने से ज्ञान का प्रसार होने के अलावा जरूरत मंद पाठकों को पढ़ने का अवसर मिलता है एवं पुस्तकों का सदुपयोग होता है जो कि यह सामाजिक और शैक्षिक विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान है।

## जर्जर पुलिया बारिश के दिनों में बन सकती है परेशानी का कारण ..



**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** अक्सर देखा जाता है कि जब किसी क्षेत्र में अच्छी सड़क की स्वीकृति प्रदान करते हुये सड़क निर्माण के लिये शासन द्वारा करोड़ो रूपया खर्च किया जाता है तो उस क्षेत्र के लोग खुशी के मारे फूल नही समाते है। मगर शासन करोड़ो रूपया की राशि खर्च करते हुये बनाई जाने वाली सड़को का निर्माण करने वाली कंपनियों द्वारा जिस प्रकार से सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता अपनाई जाती है उस समय किसी भी जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नही दिये जाने का परिणाम इस प्रकार से देखने मिलता है कि वह सड़क निश्चित ही चंद दिनों में ही अपनी गुणवत्ता की कहानी खुद ही बताने से नही चूकती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय गाडरवारा से उदयपुरा होते हुये प्रदेश की राजधानी जाने वाले स्टैट हाईबे स्तर के मार्ग पर भी आसानी से देखने मिल रही है, क्योंकि बीते हुये कुछ वर्ष पहले जब ग्राम पिठहरा से उदयपुरा की ओर जाने वाले इस मार्ग पर झिकोली के पास नर्मदा नदी में पुल का निर्माण हो जाने के कारण इस मार्ग की उपयोगिता अपने आप ही बढ़ गई थी, इसी के चलते इस मार्ग को प्रदेश स्तर के मार्ग में शामिल करते हुये शासन द्वारा करोड़ो रूपया की राशि खर्च करते हुये इस मार्ग का निर्माण कार्य कराया गया था, मगर इस मार्ग का निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा सड़क निर्माण के दौरान वर्षो पुरानी पुलिया को पुनः निर्माण करने की जगह उसी पुलिया के ऊपर से सड़क का निर्माण करने में कोई कसर छोड़ी गई थी, इस सच्चाई को लेकर लगातार उस समय आवाज उठाये जाने के बाद भी संबंधित अधिकारियों से लेकर जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणाम इस प्रकार से देखा जा रहा है कि गाडरवारा सांईखेड़ा के बीच ग्राम पिठहरा के समीप हेदर शुगर मिल के पास वाली यह पुलिया लगातार जर्जर स्थिति में पहुंचते हुये दिखाई दे रहे है, इस संबंध में कुछ समाज सेवियों द्वारा बीते हुये दिसम्बर माह 18 में जिला कलेक्टर को एक आवेदन देते हुये इस ओर ध्यान आकर्षित कराने का प्रयास भी किया गया था, मगर इसके बाद भी लगातार खस्ता हाल स्थिति में पहुंचते हुये दिखाई दे रही इस पुलिया की ओर ध्यान नही दिया गया जिसके चलते निश्चित ही किसी दिन यह पुलिया क्षेत्र के एक बड़ी घटना का कारण बनने से नही चूक पायेगी? क्योंकि यह मार्ग प्रदेश स्तर का होने के कारण यहां से प्रतिदिन सैकड़ो भारी वाहनों की धमाचौकड़ी मची रहना आम बात हो चुकी है।

## ग्रामीण क्षेत्रो में डाली गई विद्युत केबिल में आये दिन लग रही आग से बंद रहती है बिजली व्यवस्था



**हरिभूमि न्यूज/सड़ूमर।** म.प्र. विद्युत मंडल द्वारा बीते हुए वर्ष शासन का करोड़ो रूपया खर्च करते हुए शहरों से लेकर गांवों में बिजली चोरी रोकने के लिए तारों की जगह केबिल डालते हुए बिजली चोरी रोकने का जो प्रयास किया गया है वह निश्चित ही अच्छाई का प्रतीक माना जा रहा है, इससे निश्चित ही बिजली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा, मगर जिस प्रकार से बिजली विभाग द्वारा तारों की जगह केबिल डालने का कार्य ठेकेदारी के माध्यम से कराया गया था उसमें ठेकेदारों द्वारा जिस प्रकार की केबिलों को डाला गया है उनकी गुणवत्ता चंद दिनों में ही अपनी सच्चाई अपने आप स्पष्ट करते हुए दिखाई देने लगी है? क्योंकि आये दिन केबिलों में हो रही फाल्ट सहित उनमें टूट फूट के चलते इन केबिलों की गुणवत्ता की सच्चाई झलक रही है, वही दूसरी ओर ग्रामवासियों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इस सच्चाई को लेकर लोग यह बात कहने से नही चूक रहे है कि केबिली करण के दौरान जिस प्रकार से ठेकेदारों द्वारा गुणवत्ता को दर किनार करते हुए कार्य किया गया था उसमें बिजली विभाग के अधिकारियों की उदासीनता या फिर मिलीभगत की देन है जिसका परिणाम इस समय ग्रामीणों को भोगने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि गांवों में डाली गई केबिलों के आये दिन फाल्ट होने या फिर टूट फूट होने की स्थिति में जहां गांवों की बिजली बंद होने से लोग गर्मी में परेशान होते हुए देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर गांव में बाटर सप्लाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है जिसके चलते देखा जा रहा है कि गांवों के हेण्ड पंपों पर पानी भरने वाली महिलाओं की प्रतिदिन भीड़ लग रही है। स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि हाल ही में खीची गई केबिल चंद घंटे तक नही चल पा रही है जिससे यह अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है कि यह लम्बे समय तक कैसे चल पायेगी, यदि ग्रामीण क्षेत्रों में डाली जा रही इस केबिल की जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा जांच की जावे तो ठेकेदार द्वारा इस कार्य में की जा रही गफलबाजी की सच्चाई अपने आप ही स्पष्ट हो सकती है।

**खबर संक्षेप**

## 294 यूनिट रक्तदान के साथ अदाणी समूह के कर्मचारियों ने निभाई सामाजिक जिम्मेदारी



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अनूपपुर थर्मल एनर्जी (म.प्र) प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रक्तदान अभियान के तहत 294 यूनिट रिकॉर्ड रक्तदान कर सामाजिक सन्देश दिया है। 24 जून को अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित इस अभियान का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को इस महादान के लिए प्रेरित करना है। कोतमा तहसील के छतई गांव स्थित अनूपपुर थर्मल एनर्जी (एमपी) प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय परिसर में अनूपपुर जिला अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 294 यूनिट रक्तदान किया। ब्लड बैंक के पदाधिकारियों ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में सहायक हो सकता है। उन्होंने लोगों से रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर कर नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य इसको लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना है। कई लोग रक्तदान करने से कतराते हैं जबकि इससे कोई हानि नहीं होती बल्कि कई प्रकार के लाभ होते हैं। एक स्वस्थ व्यक्ति को रक्त का दान करते रहना चाहिए। रक्त के अभाव में जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे व्यक्ति को समय रहते रक्तदान कर जान बचा ली जाए तो उससे बड़ा जीवन में पुण्य का कोई दूसरा कार्य नहीं हो सकता।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत पुष्पराजगढ़ में विशेषज्ञ कैंप आयोजित

**हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार में जिले में सुरक्षित मातृत्व और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को विकासखंड पुष्पराजगढ़ के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और उनकी विशेषज्ञ मेडिकल टीम के नेतृत्व में आयोजित इस कैंप में क्षेत्र की कुल 153 गर्भवती महिलाओं ने पहुंचकर अपनी प्रसव-पूर्व स्वास्थ्य जांच कराई। इस दौरान डॉक्टरों द्वारा महिलाओं का ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन और शुगर सहित अन्य आवश्यक परीक्षण निःशुल्क किए गए।स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान चिकित्सा टीम ने जांच करते हुए कुल 35 महिलाओं को हाई रिस्क (उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था) के रूप में चिन्हित किया। इनमें से 5 महिलाओं में सीवियर (अत्यधिक) एनीमिया, 15 महिलाओं में मॉडरेट (मध्यम) एनीमिया तथा 1 महिला में पीआईएच (गर्भावस्था जनित उच्च रक्तचाप) के लक्षण पाए गए। इन सभी मामलों को विशेष निगरानी में ले लिया गया है। कलेक्टर पंचोली के निर्देशों के परिपालन में ब्लॉक स्तर पर त्वरित उपचार प्रबंधन अपनाते हुए मॉडरेट एनीमिया से पीड़ति सभी 15 महिलाओं को तत्काल आयरन सुक्रोज के इंजेक्शन लगाकर उनके स्वास्थ्य को सुरक्षित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने शिविर में मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया है कि चिन्हित की गई सभी जोखिम ग्रस्त महिलाओं का लगातार फॉलो-अप लिया जाए और प्रसव के समय तक उनकी विशेष ट्रैकिंग सुनिश्चित की जाए।

# मेंहदवानी महाविद्यालय की प्राध्यापक संध्या सिंह को गणित विषय में पीएचडी की उपाधि

**शहपुरा । डिण्डौरी जिले के शासकीय महाविद्यालय मेंहदवानी में पदस्थ गणित विषय की प्राध्यापक डॉ. संध्या सिंह को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालयए रीवा द्वारा गणित विषय में पीएचडी ;डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की गई है। उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत शैक्षणिक जीवन की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हैए बल्कि शासकीय महाविद्यालय मेंहदवानी तथा पूरे डिण्डौरी जिले के लिए भी गौरव का विषय है।**

डॉ संध्या सिंह ने अपना शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। उनका शोध कार्य गणित की एक महत्वपूर्ण शाखा में फिक्स्ड पॉइंट एवं कॉमन फिक्स्ड पॉइंट प्रमेयों के अध्ययन तथा उनके विभिन्न व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर आधारित है। यह शोध भविष्य में गणित के शोधार्थियों विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए उपयोगी एवं मार्गदर्शक सिद्ध होगा।

उन्होंने अपना शोध कार्य शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालयए मैहर के गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक एवं शोध निर्देशक डॉ डीके सिंह के कुशल मार्गदर्शन में पूर्ण किया। शोध के दौरान उन्होंने विषय के विभिन्न आयामों पर गंभीर अध्ययन एवं अनुसंधान करते हुए उत्कृष्ट शोध प्रस्तुत कियाए जिसे विश्वविद्यालय ने



मान्यता प्रदान करते हुए उन्हें पीएचडी् की उपाधि से सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर उनके पिता धनराज सिंह माता विद्यावती सिंह बहनें मीता सिंह एवं सुमन सिंह पति मनोज सिंह सहित परिवार के सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। परिवारजनों ने इसे उनके वर्षों के कठिन परिश्रमए समर्पण और लगन का परिणाम बताया। वर्तमान में डॉ संध्या सिंह शासकीय महाविद्यालय मेंहदवानी जिला डिण्डौरी में गणित विषय की प्राध्यापक के रूप में कार्यरत हैं।

उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लेखराम कुर्मी सहित समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि उनका शोध कार्य उच्च शिक्षा एवं गणित विषय के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा।इसके अलावा जिले के शिक्षाविदोंए शोधार्थियोंए शुभचिंतकों एवं सामाजिक संगठनों ने भी डॉण संध्या सिंह को पीएचण्डीण की उपाधि प्राप्त होने पर बधाई देते हुए इसे शिक्षा जगत के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर शैक्षणिक प्रगति की कामना की।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा, लापरवाही पर नोटिस जारी



**डिंडौरी।** कलेक्टर की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गईए जिसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरीए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण मनोज पाण्डेयए सिविल सर्जन डॉण रमेश सिंह मरावी सहित स्वास्थ्य विभाग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में 1 अप्रैल 2025 से 23 जून 2026 तक संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। इसमें एएनसी पंजीयनए गंभीर एनीमियाए पीआईएच प्रबंधनए नियमित टीकाकरणए पोषण पुनर्वास केंद्र ;एनआरसीद्धए सिकल सेल एनीमिया जांच एवं उपचार तथा क्षय रोग ;टीबीद्ध कार्यक्रम की प्रगति का मूल्यांकन किया गया।

# अंतरर्ष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर ग्रामीण अंचलों में चला जनजागरूकता अभियान

**डिंडौरी।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में नशा मुक्ति को लेकर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान रैलियांए नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम और हस्ताक्षर अभियान आयोजित कर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया।अभियान में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओंए सहायिकाओंए किशोरी बालिकाओंए महिलाओंए युवाओं और ग्रामीण नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जनजागरूकता रैलियों के माध्यम से गांव.गांव में नशा छोड़नेए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशामुक्त समाज



के निर्माण का संदेश दिया गया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ ली। वहीं हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से प्रतिभागियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।महिला एवं बाल विकास विभाग ने नागरिकों से नशे से दूर रहकर परिवारए समाज और आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के निर्माण में सहयोग करने की अपील की। विभाग ने बताया कि नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इस तरह के अभियान आगे भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

# 30 जून तक चलेगा राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान



**डिंडौरी।** जिले में 28 से 30 जून तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत जन्म से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान के सफल संचालन एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला अस्पताल से जागरूकता रैली निकाली गई।रैली में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण मनोज पाण्डेयए जिला नोडल अधिकारी डॉण आरण्केण डोंगरेए जिला कार्यक्रम प्रबंधक विक्रम सिंह ठाकुर सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। रैली के माध्यम से नागरिकों से अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की गई।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्यए महिला एवं बाल विकासए शिक्षा सहित विभिन्न विभागों के समन्वय से अभियान संचालित किया जाएगा। सभी बूथों पर अधिक से अधिक बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण मनोज पाण्डेय ने बताया कि भारत को वर्ष 2014 में पोलियो मुक्त देश का दर्जा मिल चुका हैए लेकिन पड़ोसी देशों पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पोलियो वायरस की मौजूदगी के कारण लगातार सतकता बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संक्रमण की आशंका को देखते हुए प्रत्येक अभियान में बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाई जानी चाहिए।जिला टीकाकरण अधिकारी डॉण आरण्केण डोंगरे ने बताया कि जिले के सभी विकासखंडों में टीकाकरण दलों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अभियान के लिए कुल 901 टीमों का गठन किया गया है।

अभियान के पहले दिन 28 जून को सभी पोलियो बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जाएगीए जबकि 29 और 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर.घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक देंगी। जिले में कुल 86ए224 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण मनोज पाण्डेय ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने जन्म से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाकर पोलियो उन्मूलन अभियान को सफल बनाएं।

## घरेलू उपचार में गंवाया समय, सर्पदंश से छह वर्षीय मासूम की मौत

**शहपुरा।** क्षेत्र के ग्राम पिटरी में शुक्रवार सुबह सर्पदंश की दर्दनाक घटना में छह वर्षीय मासूम की मौत हो गई। जानकारी के अनुसारए पिटरी निवासी सुनील मरावी के छह वर्षीय पुत्र दिलराज मरावी को घर के पास जहरीले सांप ने काट लिया। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने सांप की तलाश कर उसे मार दियाए लेकिन बच्चे को तत्काल अस्पताल ले जाने के बजाय घरेलू उपचार में समय व्यतीत किया। काफी देर बाद जब उसकी हालत गंभीर हुई तो परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा लेकर पहुंचेए जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद



उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया। आवश्यक कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मासूम की असामयिक मौत से गांव में शोक का माहौल है।स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि सर्पदंश की स्थिति में घरेलू उपचार या झाड़.फूंक के बजाय पीड़ित को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाना चाहिएए क्योंकि समय पर उपचार से कई मामलों में जान बचाई जा सकती है।

## शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर कार्यक्रम संपन्न




**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना ;रासेयोद्ध प्रभारी डॉण सीमा डावर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर रासेयो प्रभारी डॉण सीमा डावर ने नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थए सकारात्मक एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं पर अन्य वक्ताओं ने कहा कि नशा व्यक्तिए परिवार और समाज तीनों के लिए घातक हैं तथा इसके उन्मूलन के लिए जन.जागरूकता अत्यंत आवश्यक हैं। यह कार्यक्रम में सभी उपस्थित सहायक प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक विद्यार्थियों से भी नशे के प्रति जागरूक रहने और समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टॉफ आशीष कुमार मरावीए डॉण सुनील काकोड़ियाए प्रदीप कहारए कैलाश प्रसाद लखेराए दीपचंद गुप्ताए डॉण निगहत खानए समीर धुर्वेए ओमकार वाटियाए सहज सिंह मरावीए कमलेश वास्पे एवं रासेयो स्वयं सेवक विद्यार्थियों मौजूद रहे।

# जनपद शिक्षा केंद्र अमरपुर में 37 स्कूल भवन विहीन



**अमरपुर।** जनपद शिक्षा केंद्र अमरपुर में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत कई गंभीर चुनौतियों के बीच हुई है। क्षेत्र के 35 प्राथमिक एवं 2 माध्यमिक विद्यालयों के जर्जर भवनों को सुरक्षा कारणों से शासन के निर्देश पर ध्वस्त ;जमींदोजद्ध कर दिया गया है। दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए यह कदम आवश्यक माना गयाए लेकिन इन विद्यालयों के लिए नए भवनों के निर्माण की दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। परिणामस्वरूप 37 विद्यालय भवनविहीन होकर संचालित होने की स्थिति में हैं।शिक्षा व्यवस्था की स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जनपद में 5 प्राथमिक एवं 2 माध्यमिक विद्यालय शिक्षकविहीन हैं। वहीं 67 प्राथमिक और 6 माध्यमिक विद्यालय केवल एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे हैं। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती बन गया है।



शासन के निर्देशानुसार प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। जनप्रतिनिधियोंए अधिकारियों और अन्य गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में विद्यार्थियों का प्रवेश तो कराया जा रहा हैए लेकिन कई विद्यालयों में बच्चों के बैठने तक की समुचित व्यवस्था नहीं है। कहीं भवन नहीं हैं तो कहीं पढ़ाने के लिए शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं।एकल शिक्षक वाले विद्यालयों में एक ही शिक्षक को सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों को पढ़ाने के साथ.साथ मध्यान्ह भोजन सहित अन्य प्रशासनिक जिम्मेदारियां भी निभानी पड़ती हैं। ऐसी परिस्थितियों में प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों को सभी विषयों का प्रभावी अध्यापन कराना व्यावहारिक रूप से कठिन हो जाता है।इसके अलावा कई विद्यालय ऐसे भी हैंए जहां भवन तो मौजूद हैंए लेकिन उनकी स्थिति अत्यंत जर्जर है। बरसात के दौरान छतों से पानी सीधे कक्षाओं में टपकता हैए जिससे पढ़ाई बाधित होती है और विद्यार्थियों की सुरक्षा भी चिंता का विषय बनी रहती है।ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की इन बुनियादी समस्याओं के कारण विद्यार्थियों के भविष्य पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र नए विद्यालय भवनों का निर्माणए रिक्त पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति तथा विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं में सुधार नहीं किया गयाए तो ग्रामीण अंचलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लक्ष्य अधूरा ही रह जाएगा।

## जिला पोषण समिति की बैठक में योजनाओं की समीक्षा. कम प्रगति वाले पर्यवेक्षकों की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश

**डिंडौरी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारीए जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में शुक्रवार को जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित पोषण अभियानए पोषण ट्रैकर की प्रगतिए कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों के प्रबंधनए गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को दी जा रही सेवाओं तथा आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारीए बीपीएमए जिला शिक्षा अधिकारीए जिला कार्यक्रम अधिकारी ;महिला एवं बाल विकासद्धए सहायक संचालकए सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी ;सीडीपी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।



समीक्षा के दौरान सीईओ श्री चौधरी ने विभागीय कार्यों की अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन पर्यवेक्षकों की कार्य प्रगति लगातार कम पाई जा रही है और जो निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति नहीं कर रहे हैंए उनकी वार्षिक वेतनवृद्धि नियमानुसार रोकी जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को ऐसे कर्मचारियों के कार्यों की नियमित समीक्षा कर आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। सीईओ ने कहा कि पोषण ट्रैकर पर शत.प्रतिशत एवं समयबद्ध प्रविष्टियांए कुपोषित बच्चों का प्रभावी प्रबंधन तथा विभागीय योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी परियोजना अधिकारियों और पर्यवेक्षकों को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समय.सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी।बैठक में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कुपोषण उन्मूलन के लिए प्रभावी रणनीति अपनाने पर भी जोर दिया गया।

## छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सपरिवार मां नर्मदा का किया पूजन-अर्चन

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पंजाब कांग्रेस के प्रभारी भूपेश बघेल ने शुक्रवार 26 जून को प्रातः लगभग 11:30 बजे पवित्र नगरी अमरकंटक पहुंचकर मां नर्मदा उद्गम मंदिर में विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दर्शन-पूजन किया। इसके पश्चात उन्होंने बाबा अमरकंठ महादेव का जलाभिषेक, पूजन-अर्चन एवं आरती कर प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि की कामना की। पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल अपनी पत्नी श्रीमती मुक्तेश्वरी बघेल, परिजनों एवं मित्र प्रदीप शर्मा के साथ मां नर्मदा उद्गम कुंड पहुंचे, जहां उन्होंने श्रद्धापूर्वक पूजन-अर्चन कर मां नर्मदा के दरबार में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। नर्मदा मंदिर के पुजारी पंडित उमेश द्विवेदी (बंटी महाराज) ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ उनका संपूर्ण पूजन-अर्चन संपन्न कराया। इसके बाद उन्होंने बाबा अमरकंठ महादेव के दर्शन कर जलाभिषेक किया तथा मंदिर परिसर की परिक्रमा की। इस दौरान उन्होंने 11 रुद्र महादेव मंदिर में भी दर्शन कर शीश नवाया। परिक्रमा के दौरान श्री बघेल ने अपने परिवार के साथ मंदिर परिसर में स्मृति स्वरूप छायाचित्र भी खिंचवाए। नर्मदा मंदिर के पुजारियों ने उन्हें मां नर्मदा की पावन चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा प्रसाद भेंट करते हुए उनके यशस्वी, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन तथा राजनीतिक उन्नति की मंगलकामना की।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस नरसिंहपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 पर सतधारा के निकट गुरुवार रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहाँ एक अनियंत्रित बाइक ने लोहे की रॉड से भरे मालवाहक वाहन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को उपचार के लिए करेली अस्पताल पहुँचाया। सूचना मिलने पर बरमान चौकी प्रभारी एसआई मनीष मरावी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुँचे। पुलिस के अनुसार, मालवाहक वाहन क्रमांक एमपी 13 जेडयू 8835 में लोहे की रॉड और अन्य निर्माण सामग्री लदी हुई थी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार दोनों युवक बुरी तरह चोटिल हुए। बरमान चौकी प्रभारी ने बताया कि घायलों की स्थिति गंभीर होने के कारण अभी उनके नाम और पते की पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। अस्पताल से मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### तकनीकी खराबी के कारण आज नगर में नर्मदा जलापूर्ति रहेगी बंद



**गोटेगांव।** नगर पालिका परिषद गोटेगांव ने नगरवासियों को सूचित किया है कि विद्युत आपूर्ति बार-बार बाधित होने के कारण मुआंरघाट इंटेकवेल में तकनीकी खराबी आ गई है। इसके चलते 27 जून 2026 को नगर में नर्मदा जलापूर्ति पूर्णतः बंद रहेगी।हालांकि, वार्डों में स्थापित नलकूपों से जलापूर्ति पूर्ववत जारी रहेगी। नगर पालिका ने नागरिकों से अपील की है कि आवश्यकतानुसार पहले से पेयजल का संग्रह कर लें तथा पानी का उपयोग केवल जरूरी कार्यों में करें और जल की बर्बादी से बचें।नगर पालिका के अनुसार तकनीकी दल खराबी दूर करने में जुटा हुआ है। जलापूर्ति सामान्य होते ही नागरिकों को सूचना दी जाएगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

### सड़क दुर्घटना में शिक्षक गंभीर घायल

**सिवनी/बाघराज :** जिले के लखनवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर स्थित बाघराज के पास एक सड़क दुर्घटना में शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पीछे से तेज गति से आ रहे एक सवारी मेक्स वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी और चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक क्रमांक एमपी 22 एमई 8759 पर सवार प्रशांत मसखरे (उम्र लगभग 50 वर्ष), पिता प्रेमलाल मसखरे, निवासी धोबीसर्रा दरासी खुर्द स्कूल में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। वे प्रतिदिन की तरह विद्यालय की छुट्टी के बाद सिवनी स्थित अपने निवास लौट रहे थे। इसी दौरान बाघराज के पास पीछे से आए मेक्स वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

# फर्जी मार्कशीट का मामला डीईओ ने दिए जांच के आदेश

## शिक्षक की भूमिका पर संदेह, नौकरी पाने अंकसूची में जालसाजी का अंदेशा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

सरकार द्वारा अच्छी शिक्षा के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है। शिक्षा के लिए शिक्षकों को आदर्श भी माना जाता है। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि कोई एक शिक्षक गलती करता है तो अन्य शिक्षकों को देखने का नजरिया बदल लेता है। ऐसा कारनामा जिला मुख्यालय स्थित संकुल शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अंतर्गत सामने आया जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जांच के आदेश दिए गए है। उक्त मामले को लेकर शिकायतकर्ता द्वारा रजिस्टर्ड डाक द्वारा शिकायत भेजी गई थी जिसकी जांच उपरांत पाया गया कि शिक्षक के मार्कशीट में झोलझाल है मार्कशीट की उच्च स्तरीय जांच हेतु भोपाल भेजने की बात प्रशासन द्वारा की जा रही है।





### मामला इस प्रकार

जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम देवरी कला मे पदस्थ्य शिक्षक शिव शंकर पटेल डी एड की मार्कशीट फर्जी होने का दावा कर शिकायत की गई। शिकायत के बाद प्रशासन द्वारा जांच पड़ताल प्रारंभ की गई जिसमें मार्कशीट मे झोलझाल पाया गया। शिकायतकर्ता हेमंत निकोसे निवासी सिवनी द्वारा जिला कलेक्टर को भेजी गई लिखित शिकायत और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई गई जिसका प्रकरण 38775458 के बाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय नरसिंहपुर ने इसे संज्ञान में लिया है। विभाग ने आदेश क्रमांक 3573 जारी कर संकुल प्राचार्य को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के माध्यम से दस्तावेजों का गहन परीक्षण कराने और प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

### नौकरी पाने जालसाजी का अंदेशा

शिकायतकर्ता द्वारा दी गई शिकायत मे बताया गया है कि शिक्षक शिव शंकर कुर्मी द्वारा पदस्थापना के समय जो दस्तावेज दिए गए है। वह संदेह पूर्ण है। मुख्य रूप से मार्कशीट में विशेष रूप से हाइलाइट किए गए प्रथम वर्ष 2001 का अनुक्रमांक 3189536 और द्वितीय वर्ष 2002 का अनुक्रमांक 4565298 जब परीक्षा परिणाम रिकॉर्ड पंजी से मिलाए गए, तो वे संदिग्ध श्रेणी में पाए गए। शिकायत में आशंका जताई गई है कि शासकीय नौकरी पाने के उद्देश्य से दस्तावेजों को कूटरचित रूप से तैयार किया गया हो उक्त मामले की वास्तविक स्थिति प्रशासन द्वारा की जा रही आधिकारिक जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। प्रशासन को चाहिए की मामले की सूक्ष्मता से जांच कर दोषी पर ठोस कार्रवाई की जावे जिससे भविष्य मे अन्य कोई ऐसी जालसाजी ना करे जिससे शिक्षकों की छवि पर नकारात्मक प्रभाव ना पड़े।

### मूल रिकॉर्ड खंगाल रहा प्रशासन

शिकायत के साथ संलग्न की गई अंकसूची में हाईलाइट की कुछ टिप्पणी लिखी गई है। जिनकी भी जांच होना आवश्यक है। फिलहाल विभाग उक्त प्रकरण को लेकर मूल दस्तावेज व और मूल रिकॉर्ड दोनों की प्रमाणिकता की जांच कर रहा है। शिकायत के बाद 29 दिन होने के उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत कराया गया कि मार्कशीट संदेह पूर्ण है सूक्ष्मता से जांच की जावे। वही संबंधित शिक्षक से मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने की बात कही गई है। प्रशासन को चाहिए की उक्त मामले की गंभीरता से जांच की जाए। अब देखना होगा प्रशासन द्वार की जा रही जांच पड़ताल में क्या सामने आता है। यदि शिक्षक दोषी पाया जाता है तो नियम अनुसार वसूली एवं सजा कराई जावे।

## पदमश्री विजयदत्त श्रीधर का अभिनंदन कार्यक्रम आज



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पदमश्री विजय दत्त श्रीधर आज 27 जून को नरसिंहपुर प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान उनका एक संक्षिप्त अभिनंदन कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद पीजी कॉलेज नरसिंहपुर में अपरान्ह 3 बजे आयोजित किया गया है। मूलतः नरसिंहपुर निवासी पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर को हाल ही में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के द्वारा आयोजित हुए दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति के मुख्य आतिथ्य में डी. लिट. की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में आज श्रीधर जी का अभिनंदन व विचार विमर्श कार्यक्रम कॉलेज के सभा कक्ष में आयोजित किया गया है । इस कार्यक्रम में सभी नागरिकों बुद्धिजीवियों, अधिवक्ताओं और पत्रकारों से उपस्थिति की अपेक्षा गणनायक फाउंडेशन के द्वारा की गई है ।

## भूमि घोटाले को लेकर कांग्रेस ने किया पुतला दहन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** उज्जैन भूमि घोटाले के विरोध में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष विवेक पटेल के नेतृत्व में शुक्रवार को सुभाष पार्क चौराहा में मध्यप्रदेश की भ्रष्ट सरकार व मोहन यादव एवं उनके परिवार सहित भू माफियाओं का पुतला दहन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री के खिलाफ व्यापक नारेबाजी की गई। इस मौके पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष विवेक पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी भ्रष्टाचार को संरक्षण देकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं भ्रष्टाचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अनैतिकता से पद का दुरुपयोग कर पूरे कुनवा के नाम से जमीन ले ली। वहीं भगवान श्री राममंदिर में चंदा और चढ़ावा की लूट की गई है। इनकी करनी और कथनी में भारी अंतर है महंगाई और बेरोजगारी बढ़ रही है किंतु मुख्यमंत्री और भाजपा नेता लुट मचाए हुए है। उक्त मौके पर रुद्रेश तिवारी, अस्सू नेमा, बॉबी खान, मुकेश कटारे, आशीष राजवैद्य, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रोहित पटेल, जिला एन एस यू आई अध्यक्ष ईशान राय, पलाश पटेल, अंकुश भाटली, निखिल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



## श्री पटेल ने जनसुनवाई में सुनी लोगों की समस्याएं

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल के नरसिंहपुर स्थित निवास पर आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान राजस्व, बिजली, पानी, सड़क, पेंशन और विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित कुल 344 आवेदन प्राप्त हुए। सुनवाई के दौरान कई आवेदकों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष आवेदनों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को भेजकर आगामी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। पूर्व राज्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर और तय समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## रविदास समाज का मिलन एवं सम्मान समारोह सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शुक्रवार को स्थानीय सदर मढिया स्थित तुलसी मानस भवन मे रविदास समाज द्वारा मिलन एवं सम्मन समारोह का आयोजन किया गया। उक्त संबंध में रंजीत कुमार चैधरी कार्यक्रम संयोजक ,संभागीय उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश अजाक्स संघ,जिला प्रभारी अहिरवार समाज महापरिषद नरसिंहपुर, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष अहिरवार समाज संघ भारत जिला नरसिंहपुर ने बताया कि समस्त रविदास समाज का मिलन एवं सम्मान समारोह तथा सामाजिक कुरीतियों के संबंध में चर्चा के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में समस्त रविदास समाज को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य किया गया तथा सामाजिक कुरीतियों के संबंध में भी चर्चा की गई, रविदास समाज में या अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया तथा नरसिंहपुर नगरपालिका क्षेत्र के अंतर्गत महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड में स्थित मुक्तिधाम के रास्ते एवं व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की गई। उक्तत मामले मे कार्रवाई न होने के संबंध में कैलाश जाटव अध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग को भी ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में के.पी. राही, सेठ गोपी चंद अहिरवार , ओ. पी. कौशिक , श्याम सिंह चौहान , डॉ कैलाश जाटव , ललित चैधरी, घनश्याम जाटव एवं मंच संचालन सतीश चैधरी, मुकेश जाटव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त रविदास समाज के सामाजिक साथियों की उपस्थिति रही।

## हरी मटर का भुगतान नहीं मिलने पर किसानों ने व्यापारियों पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप



**गोटेगांव।** विकासखंड के दर्जनों किसानों ने हरी मटर का भुगतान नहीं मिलने और फर्जी बैंक चेक देने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर के नाम थाना गोटेगांव में ज्ञापन सौंपा है। किसानों ने संबंधित व्यापारियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।ज्ञापन में किसानों ने आरोप लगाया कि जनवरी माह में संदीप पटेल, गोपाल एंड कंपनी, गोपाल पटेल, अमित पटेल, धनंजय मिश्रा उर्फ मनोज, ऋषिराज पटेल एवं मलखानसिंह पटेल ने हरी मटर खरीदी थी। व्यापारियों ने भुगतान का आश्वासन दिया, लेकिन कई माह बीतने के बाद भी राशि का भुगतान नहीं किया गया।किसानों का कहना है कि मनोज उर्फ धनंजय मिश्रा द्वारा दिए गए बैंक चेक भी बाउंस हो गए। उनका आरोप है कि सुनियोजित तरीके से फर्जी चेक देकर किसानों के साथ आर्थिक धोखाधड़ी की गई है।ज्ञापन में कहा गया है कि कई किसान कर्ज लेकर खेती करते हैं और भुगतान न मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।ज्ञापन देने वालों में दीपेन्द्र पटेल, संदीप पटेल, मलखान झारिया, नीरज पटेल, पंकज पटेल, योगेश बरूआ, रविशंकर झारिया, बल्लू पटेल, आसू पाठक, मयंक पटेल, चन्द्रिका तिवारी, पंकज दुबे, विश्वनाथ पटेल, रामसेवक पटेल, जोगेन्द्र सिंह, महेश झारिया सहित मुडिया कंजई, कूसीवाड़ा और सालीवाड़ा के किसान शामिल रहे।

## जमीन विवाद में जानलेवा हमला, घायल ने केस वापस लेने के लिए धमकाने का लगाया आरोप



**गोटेगांव।** थाना क्षेत्र के ग्राम बगलई बस्ती, लाठगांव रोड पर जमीन विवाद को लेकर एक परिवार पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। घायल पक्ष का आरोप है कि अब उन पर केस वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। साथ ही पुलिस कार्रवाई पर भी सवाल उठाए गए हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, बगलई बस्ती निवासी परसराम कुशवाहा का अपने बड़े पिताजी के बेटों के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। 22 जून को परसराम खेत पहुंचे तो उन्होंने भाई प्रमोद कुशवाहा को ट्रैक्टर से जुताई करते देखा। उन्होंने मेड़ के ऊपर ट्रैक्टर न चलाने की बात कही और वापस घर लौट आए।शाम करीब 5 बजे दोबारा खेत पहुंचने पर उन्होंने देखा कि मेड़ पूरी तरह जोत दी गई थी। विरोध करने पर प्रमोद और नरेंद्र गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि इसके बाद दोनों ने लाठी से परसराम के सिर पर हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके पिता गोरेलाल कुशवाहा के साथ भी मारपीट की गई। घटना के प्रत्यक्षदर्शी राधेश्याम कुशवाहा बताए गए हैं।घायल परसराम को पहले गोटेगांव अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जबलपुर रेफर कर दिया गया।वीडियो जारी कर लगाए आरोपजबलपुर में उपचार के दौरान परसराम ने वीडियो संदेश जारी कर आरोप लगाया कि रिश्तेदारों के माध्यम से केस वापस लेने की धमकियां दी जा रही हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शिकायत में एक हमलावर का नाम बताने के बावजूद पुलिस ने उसे रिपोर्ट में शामिल नहीं किया।गोटेगांव पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मेडिकल रिपोर्ट और बयानों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिवार ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

## समीक्षा बैठक में विभिन्न शैक्षणिक बिंदुओं पर हुई चर्चा



**तेंदूखेड़ा ।** विकासखंड चांवरपाठा में आयोजित बी पी एम यू बैठक सह समीक्षा बैठक का आयोजन संकुल विद्यालय चांवरपाठा में वी आर सी सुनील श्रीवास्तव के मार्गदर्शन रखी गई।बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंचम सिह मरावी राजेश सेन समस्त जनशिक्षकों एवं संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक का उद्देश्य शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा करना तथा विभिन्न पोर्टलों एवं योजनाओं की प्रगति का आकलन करना विद्यालयों की ऑनलाइन एंट्री एमआईएस पोर्टल पर डेटा अद्यतन एजुकेशन पोर्टल 3 पर नामांकन की स्थिति यू डाइस पोर्टल पर छात्र एवं विद्यालय संबंधी जानकारी की समीक्षा अपार आईडी की प्रगति तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान शिक्षा सत्र 2026-27 में विद्यालयों में पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता कक्षा उन्नति से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों हेतु उपलब्ध वाहनों एवं चालक की व्यवस्था तथा विद्यालयों में पुस्तकालय संचालन की स्थिति पर भी विचारविमर्श किया गया।अधिकारियों ने सभी संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक जानकारी समय पर पोर्टलों पर दर्ज करने एवं लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा गया कि शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं डिजिटल पोर्टलों की नियमित मॉनिटरिंग से विद्यालयों की कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनेगी। उपस्थित अधिकारियों ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए समन्वित प्रयास करने पर जोर दिया। अंत में सभी बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए तथा आगामी समीक्षा बैठक तक निर्धारित कार्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया गया।

## मानसून को टकटकी लगाकर देख रहे कृषक, आजू बाजू बरस कर जा रहे मेघ

**तेंदूखेड़ा**

गत वर्ष की अपेक्षा इस मानसून काफी लेट होता चला जा रहा है। किसान मानसूनी बारिश का इंतजार कर रहे हैं।खरीफ मौसम की खेती के साथ साथ जमीन भी काफी प्यासी बनीं हुई है।हेंडपंपो में भी पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं निकल पा रहा है।ऊपरी बारिस हो जाने से जमीन की कुछ हद तक प्यास बुझ सकती है और हेडपंप भी पानी उगलने लगेंगे। किसान टकटकी लगाए बैठे हैं कि बारिश कब होगी। किसानों का कहना है कि प्रतिदिन मौसम बनता तो है लेकिन गरज कर वापस चले जाते हैं।

### मक्का की बोनी में जुटे किसान लेकिन

खेतों से गर्मी मौसम की मूंग कटते ही अब युद्ध स्तर पर मक्का फसल की बुवाई के लिए किसान सक्रिय हो गए हैं। लेकिन मानसूनी बारिश का इंतजार हो रहा है। किसानों का कहना है कि बरसात काफी लेट होती चली जा रही है।जिन किसानों के पास स्वयं का पानी का साधन है उनके द्वारा तो मक्का फसल की बोनी कर दी गई है लेकिन अन्य किसान तो आसमान की ओर ही निहार रहे हैं।पिछले साल धान फसल में उचित दाम ना मिल पाने के कारण किसान इस बार मक्का फसल में अधिक ध्यान दे रहा है।इस फसल में ना ज्यादा दवाईयां और ना ही ज्यादा समस्या प्रति एकड़ उपज भी अच्छी खासी निकल आती है। विभिन्न प्रकार की बीजों की किस्में भी आ गई है।जो जल्दी कम समय में पककर तैयार हो जाती है।खर्चा काटकर एवरेज लगभग वही बैठ जाता है। चूंकि धान में केमिकलों का छिड़काव किये बिना काम चल नहीं पाता है और अधिक केमिकलों के कारण धान और मूंग फसल बेचने में ना नुकुर के चलते इस फसल पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। रेट भी सही नहीं मिल पा रहें हैं।चूंकि मिट्टी के ऊपर इस फसल का उत्पादन हुआ करता है। लेकिन मक्के की फसल में ज्यादा खर्चा नहीं आता है।केवल जंगली सुअरों और पक्षियों से इस फसल को बचाना पड़ता है । विशेष तौर पर जंगली क्षेत्रों में ज्यादा सुरक्षा की जरूरत होती है। और इन्हीं क्षेत्रों में ही सर्वाधिक बुबाई होती है।बुबाई के लिए अभी 10 जुलाई तक का समय है। बरसात जारी रहने के कारण फिर बोनी नहीं हो पाती है।

उधर कुछ खेतों में धान के रोपा लगाने के काम साथ-साथ चल रहे हैं।विगत वर्ष अचानक बारिश शुरू हो जाने के कारण धान की रोपाई 40 प्रतिशत से भी ज्यादा रोपाई नहीं हो सकी थी । विशेष रूप से बासमती धान के अलावा अन्य प्रजातियों की धान के रोपा लगाये जा रहे हैं।

### सोयाबीन बीज का अधिक मूल्य किसानों का मोहभंग

धान के साथ साथ सोयाबीन और अरहर फसल भी लगाई जा रही है। लेकिन संपूर्ण क्षेत्र में 60 प्रतिशत में मक्का फसल है।किसानों का कहना है कि इस बार सोयाबीन बीज के ही रेट अधिक होने के कारण बहुत कम मात्रा में ही सोयाबीन लगाया जा रहा है। कहीं कहीं अरहर की भी बुबाई जारी है।

### मूंग का हुआ है जोरदार उत्पादन

गत वर्ष की अपेक्षा किसानों की मूंग फसल अच्छी अच्छी में निकलने के साथ सुरक्षित घर पहुंच गई है।पिछली बार तो अचानक वारिस शुरू हो जाने के कारण बहुत से किसानों की मूंग फसल खराब हो गई थी।15 जून तक मूंग कटाई का कार्य युद्ध स्तर पर चलता रहा है।

## सीमांकन के बाद भी नहीं मिला कब्जा की शिकायत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** तहसील के ग्राम बिछुआ के एक किसान ने अपनी पैतृक भूमि पर दबंगों के अवैध कब्जे और प्रशासनिक उदासीनता से परेशान होकर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा है। आवेदक टावल सिंह पिता झनक मेहरा ने बताया कि उनकी निजी भूमि पर गांव के पूनम, गोपाल, गोविंद, आलम, सुखदेव और यमुनाप्रसाद गोंड ने अवैध कब्जा कर रखा है। पीड़ति ने बताया कि राजस्व अमले द्वारा जून 2025 में भूमि का सीमांकन तो कर दिया गया, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी उन्हें आज तक जमीन का वास्तविक कब्जा नहीं मिल सका है। किसान ने आरोप लगाया है कि जब उन्होंने न्याय के लिए अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) से गुहार लगाई, तो उन्हें मदद के बजाय दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा और उनकी बातों को अनसुना कर दिया गया। तहसीलदार कार्यालय के चक्कर काटने के बाद भी मामले में कोई प्रशासनिक या दंडात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। पिछले एक साल से अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर लगा रहे किसान ने कलेक्टर से अपनी दयनीय स्थिति का हवाला देते हुए भूमि का कब्जा वापस दिलाने और दोषी व्यक्तियों के साथ ही लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं शपथकर्ता निरंजन पालीमकर उम्र 76 वर्ष निवासी हाथिया केरपानी नरसिंहपुर कथन करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम पालीमकर निरंजन लिखा है। जिसे मैंने बदलकर निरंजन गंगाधर पालीमकर कर लिया है। शपथकर्ता को निरंजन गंगाधर पालीमकर के नाम से जाना व पहचाना जाने लगा है। नाम बदलवाने के संबंध में शपथकर्ता उक्त शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा है।

गलत नाम- पालीमकर निरंजन

सही नाम- निरंजन गंगाधर पालीमकर

शपथकर्ता

निरंजन गंगाधर पालीमकर